<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–09.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **देश में वक्फ संशोधन कानून लागू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– समाजिक न्याय की दिशा में सरकार का एक और ठोस कदम, झारखंड में भाजपा–कांग्रेस में तकरार जारी।।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा, राज्य की विधि व्यवस्था का भी लेंगे जायजा।**
3. **राज्य सरकार ने 48 नगर निकायों में क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण बनाने का लिया फैसला, बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए मकानों को किया जायेगा रेगुलराइज।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बदला मौसम, आसमान में छाये बादल, तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी।**
5. **झारखंड बालक–बालिका मलखंब टीम चयनित, पांच से आठ मई तक बिहार के बोधगया में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में लेंगी हिस्सा।**

******************

वक्फ संशोधन अधिनियम– 2025 आज से लागू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद सरकार ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। नए कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधान हैं।

******************

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संसद से वक्फ संशोधन विधेयक पारित होना सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुस्लिमों सहित सभी समुदायों की हित–रक्षा में इस विधेयक को पारित करने के लिए संसद को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब वक्फ की शुचिता संरक्षित रहेगी और वंचित वर्गों, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा होगी।

******************

इधर, वक्फ संशोधन कानून को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच तकरार जारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि यह कानून देश पर थोपा गया है और इसे झारखंड में लागू नहीं होने दिया जायेगा।

******************

वक्फ संशोधन कानून पर डा. इरफान अंसारी के इस बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा है डा. अंसारी में संसदीय ज्ञान का घोर अभाव है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज विभिन्न विभागों से संबंधित विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। रांची में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाली इस समीक्षा बैठक में श्री सोरेन राज्य की विधि व्यवस्था का भी हाल जानेंगे। विभागों के सचिव और अन्य पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक में भाग लेंगे।

******************

राज्य के 48 नगर निकायों में बढ़ते शहरीकरण के कारण आवासों को रेगुलराइज करने की दिशा में नगर विकास विभाग ने एक बड़ा फैसला किया है। रांची में कार्यरत क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण –आरआरडीए की तर्ज पर अब राज्य के अन्य 48 निकायों में इसी तरह का प्राधिकरण गठित किया जाएगा। विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में रांची नगर निगम में राजस्व संग्रहण की बढ़ोतरी के लिए विभाग द्वारा पहली बार आरएमसी के जरिये ड्रोन आधारित प्रॉपर्टी सर्वे कराने का भी फैसला लिया गया।

******************

हजारीबाग जिले के चरही घाटी में कल देर शाम एनएच पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। बताया जाता है कि एक धान लदा कंटेनर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में रांची से आ रही एक यात्री बस और एक अन्य मालवाहक वाहन से सीधा टकरा कर पलट गया।

******************

चतरा जिले में महिलाओं को हस्तशिल्प के क्षेत्र में हुनरमंद बनाने का कार्य किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका विस्तार जारी रहेगा। एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन– वेव्स का आयोजन कर रही है।

******************

- झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ रांची नगर निगम की ओर से जारी नोटिस को निरस्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि आरएमसी वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिस संरचना से दुर्घटना की संभावना है।
- देवघर नगर निगम की ओर से टेंडर लेने के बाद भी तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य शुरू नहीं करनेवाले 11 संवेदकों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। नगर आयुक्त ने तीन दिन के अंदर कार्य प्रारंभ करने की चेतावनी दी है।
- देवघर के छह जेएसएफसी गोदामों का कायाकल्प होगा। विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने देवघर डीएसओ को आवंटन को लेकर स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम बदल गया है। आसमान में बादल छाये हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अप्रैल तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है।

**********************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड बालक–बालिका मलखंब टीम का चयन कर लिया गया है। रांची में आयोजित इस खुली चयन प्रतियोगिता में राज्य से लगभग 70 बालक–बालिकाओं ने भाग लिया। कल से 30 अप्रैल तक टीम के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। चयनित झारखंड टीम पांच से आठ मई तक बिहार के बोधगया में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2025 में भाग लेगी। खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की बालक–बालिका मलखंब टीम तीन मई को बोधगया के लिए रवाना होगी।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद के फैसलों को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– डीजल की थोक खरीद पर 22 की जगह 15 प्रतिशत लगेगा वैट, एटीएफ 8 प्रतिशत महंगा।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– अभूतपूर्वः ट्रंप ने चीन पर 104 फीसदी टैरिफ थोपा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– पेयजल विभाग में अवैध निकासी की जांच में पकड़ी गयी अनियमितता, रिटायर कर्मी के भी पे–आइडी से होती रही पैसों की निकासी।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– बीच सड़क पर कुत्ते को मारी गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार।

********समाप्त**************